प्रेषक

जिला विकास अधिकारी,
पिथौरागढ़

सेवा में

आयुक्त,
ग्राम्य विकास ,
उत्तराखण्ड,पौडी।

पत्रांक 174 /33–स्था0/व्य0प0/स्थाना0/2024–25 दिनांक 26 अप्रैल, 2024

महोदय,

इस जनपद के विकास खण्ड बेरीनाग में कार्यरत श्री नवेद अहमद, प्रधान सहायक का अनुरोध के आधार पर जनपद नैनीताल स्थानान्तरण किये जाने संबंधी प्रार्थना–पत्र संलग्न कर इस कार्यालय में भेजा गया है।

अतः श्री नवेद अहमद, प्रधान सहायक का प्रार्थना–पत्र मूल रूप में संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्नः– उक्तानुसार।

भवदीया,

(रमा गोस्वामी)
जिला विकास अधिकारी
पिथौरागढ़

प्रतिलिपिः– खण्ड विकास अधिकारी, बेरीनाग को उनके पत्र दिनांक 25–04–2024 के क्रम मे सूचनार्थ प्रेषित।

जिला विकास अधिकारी
पिथौरागढ़

**श्रीमान आयुक्त महोदय,**
**ग्राम्य विकास,**
**उत्तराखण्ड, पौड़ी।**

द्वारा :– उचित माध्यम।

**विषय :– जनपद नैनीताल स्थानान्तरण चाहने विषयक।**

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि वर्तमान में मैं जनपद पिथौरागढ़ के दुर्गम विकास खण्ड बेरीनाग में प्रधान सहायक के पद पर दिनांक 01.04.2023 से कार्यरत हूं। महोदय को यह भी अवगत कराना है कि मैं परिवार में एकमात्र पुरूष सदस्य हूं तथा मेरी वृद्ध माताजी जिनकी आयु 77 वर्ष है, मधुमेह एवं हृदय रोग से पीड़ित हैं जिस कारण मुझे अपनी वृद्ध माताजी के स्वास्थ्य उपचार एवं देखभाल हेतु अपने निवास स्थान हल्द्वानी, जनपद नैनीताल में उपस्थित रहना अत्यंत आवश्यक है।

निवास स्थान से दूरस्थ तैनाती होने तथा पारिवारिक सदस्यों के स्वास्थ्य उपचार सम्बन्धी तात्कालिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत मेरा समय पर निवास स्थान पर पहुंचना सम्भव नहीं हो पाता है जिस कारण मैं अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का भली–भांति निर्वहन नहीं कर पा रहा हूं। मेरी माताजी की आयु एवं मधुमेह एवं हार्ट सम्बन्धी समस्याओं के कारण मुझे समय–समय पर अपनी निवास स्थान हल्द्वानी जाना आवश्यक होता है तथा मुझे अपनी वृ माताजी के स्वास्थ्य की निरन्तर चिंता लगी रहती है। उक्त मानसिक चिंता के कारण विगत 0 वर्ष से मुझे भी मधुमेह की बीमारी लग गयी है।

महोदय, मेरे द्वारा अपने सम्पूर्ण सेवाकाल में 03 वर्ष से अधिक तैनाती जन पिथौरागढ़ के अति दुर्गम विकास खण्ड मुनस्यारी में की गयी है तथा मेरे सम्पूर्ण 20 वर्ष सेवाकाल में मेरे द्वारा 13 वर्ष की दुर्गम सेवा पूर्ण कर ली गयी है।

अतः उपरोक्त पारिवारिक एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों के दृष्टिगत महोद विनम्र अनुरोध है कि मेरा स्थानान्तरण जनपद नैनीताल करने की महती कृपा करेंगे, जिस प्रार्थी आपका आजन्म आभारी रहेगा।

**संलग्न** :– उपरोक्तानुसार।

**दिनांक** :– 23 अप्रैल 2024.

संस्तुति सहित अग्रसारित

BLOCK DEVELOPMENT OFFICER
BLOCK BERINAG (PITHORAGARH)

भवदीय

(नवेद अहमद)
प्रधान सहायक
विकास खण्ड बेरीना
जनपद पिथौरागढ़